BSF का 60वाँ स्थापना दिवस

स्रोत: पी.आई.बी

चर्चा में क्यों?

1 दिसंबर, 2024 को, प्रधानमंत्री ने सीमा सुरक्षा बल (BSF) को उनके **60वें स्थापना दिवस** पर शुभकामनाएँ दीं और भारत की सीमाओं की सुरक्षा में बल के महत्त्व पर ज़ोर दिया।

BSF क्या है?

- **परिचय:** BSF की स्थापना वर्ष 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद सीमा सुरक्षा बढ़ाने के लिये की गई थी।
  - BSF में एक **एयर विंग, मरीन विंग, एक तोपखाना रेजिमेंट** और **कमांडो इकाइयाँ** हैं।
  - यह **गृह मंत्रालय** के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करता है।
- **तैनाती:** लगभग **2.6 लाख कर्मियों** वाला BSF बल **भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा, भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा,** नियंत्रण रेखा (LoC) पर भारतीय सेना के साथ और नक्सल विरोधी अभियान क्षेत्रों में तैनात है।
- **विशेष ऑपरेशन:** BSF जलयानों के आधुनिक बेड़े का उपयोग करते हुए **अरब सागर में** सर क्रीक और बंगाल की खाड़ी में सुंदरवन डेल्टा जैसे क्षेत्रों की सुरक्षा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- इसके अतिरिक्त इसके द्वारा प्रत्येक वर्ष विभिन्न वैश्विक स्थानों पर प्रशिक्षित कार्मिकों को तैनात करके **संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन** में भूमिका निभाई जाती है।
- **BSF का क्षेत्राधिकार:** BSF द्वारा भारत की सीमाओं की सुरक्षा की जाती है और इसे विभिन्न कानूनों के तहत गिरफ्तारी, तलाशी एवं जब्ती का अधिकार प्राप्त है, जिसमें दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) 1973, पासपोर्ट अधिनियम 1967, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920 तथा स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 शामिल हैं।

नोट: अनुच्छेद 355 के तहत केंद्र **सरकार को** किसी राज्य को **बाहरी आक्रमण तथा आंतरिक अशांति** से बचाने के लिये अपनी सेना तैनात करने का अधिकार है, यहाँ तक कि उन मामलों में भी जहाँ राज्य ने केंद्र से सहायता का अनुरोध नहीं किया है तथा वह केंद्रीय बलों को स्वीकार करने में रुचि नहीं दिखा रहा है।

//

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF)

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) में गृह मंत्रालय के अधीन काम करने वाले भारत के सात सुरक्षा बल शामिल हैं।

असम राइफल्स (AR)

- **स्थापना:** वर्ष 1835, मिलिशिया के रूप में जिसे 'कछार लेवी' के नाम से जाना जाता था।
  - **पूर्ववर्ती उद्देश्य:** ब्रिटिश चाय बागानों की रक्षा करना।
- **वर्तमान उद्देश्य:**
  - उत्तर पूर्वी क्षेत्रों (NER) में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाना।
  - भारत-चीन और भारत-म्याँमार सीमाओं पर सुरक्षा सुनिश्चित करना।
- **महत्त्वपूर्ण भूमिका:**
  - भारत-चीन युद्ध, 1962
  - श्रीलंका के लिये भारतीय शांति रक्षा सेना (IPKF) (1987) के रूप में।

आदिवासी इलाकों से लंबे जुड़ाव के कारण असम राइफल्स को 'उत्तर पूर्व का मित्र' भी कहा जाता है

सीमा सुरक्षा बल (BSF)

- **स्थापना:** वर्ष 1965
- **उद्देश्य:**
  - पाकिस्तान एवं बांग्लादेश के साथ भूमि सीमाओं को सुरक्षित करना।
  - साथ ही कश्मीर घाटी में घुसपैठ की समस्याओं को रोकना।
  - उत्तर पूर्वी क्षेत्रों (NER) में उग्रवाद का मुकाबला करना।
  - ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान चलाना।
- **विंग:** एयर विंग, समुद्री विंग, आर्टिलरी रेजीमेंट और कमाण्डो यूनिट्स।

सीमा सुरक्षा बल (BSF) भारत का पहला लाइन ऑफ़ डिफेंस और विश्व का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल है

केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF)

- **स्वतंत्रता-पूर्व स्थापना:** वर्ष 1939 (क्राउन रिप्रेजेंटेटिव्स पुलिस)।
- **स्वतंत्रता के पश्चात्:** वर्ष 1949 - CRPF अधिनियम के तहत, केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के रूप में नामित किया गया।
- **उद्देश्य:** भीड़ नियंत्रण, दंगा नियंत्रण, काउंटर मिलिटेंसी/उग्रवाद संचालन, आदि।

CRPF आंतरिक सुरक्षा के लिये प्रमुख केंद्रीय पुलिस बल है

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP)

- **स्थापना:** वर्ष 1962।
- **उद्देश्य:**
  - काराकोरम दर्रे (लद्दाख) से जचेप ला (अरुणाचल प्रदेश) तक सीमा पर तैनात (भारत-चीन सीमा का 3488 कि.मी. कवर करती है)।
  - भारत-चीन सीमा के पश्चिमी, मध्य और पूर्वी क्षेत्रों में 9000 फीट से 18700 फीट की ऊँचाई पर स्थित सीमा चौकियों की निगरानी।

ITBP एक विशेष पर्वतीय सैन्य बल है; जिसे प्राकृतिक आपदाओं का प्रथम प्रतिक्रियाकर्त्ता कहा जाता है

राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG)

- **स्थापना:** वर्ष 1984 (1986 में अस्तित्व में आया), **ऑपरेशन ब्लू स्टार** के पश्चात्।
- **उद्देश्य:** आतंकवाद-रोधी इकाई/संघीय आकस्मिक बल।
- **टास्क ओरिएंटेड फोर्स- दो पूरक शाखाएँ:**
  - स्पेशल एक्शन ग्रुप (SAG)।
  - स्पेशल रेंजर ग्रुप (SRG)।

सशस्त्र सीमा बल (SSB)

- **स्थापना:** वर्ष 1963
- **उद्देश्य:**
  - भारत-नेपाल और भारत-भूटान सीमाओं की रक्षा करना।
  - सीमा सुरक्षा बढ़ाना, सीमा पार अपराधों पर अंकुश लगाना, अनधिकृत प्रवेश/निकास को रोकना, तस्करी रोकना, आदि।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF)

- **स्थापना:** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 के तहत।
- **उद्देश्य:** महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचा प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

CISF एक विशेष फायर विंग वाली एकमात्र CAPF यूनिट है

Drishti IAS

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/60th-raising-day-of-bsf